Nai Duniya (Indore), 19th December 2025, Nai Dunia City, Page- I

# आइआइटी इंदौर में अब केमिकल इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम होंगे शुरू

## उच्च शिक्षा

- छात्रों और वर्किंग प्रोफेशनल्स को मिलेगा फायदा
- अब नहीं करना होगा अन्य महानगरों की ओर रुख

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर अगले शैक्षणिक सत्र से केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में पढ़ाई के नए पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी में है। अब तक यहां केमिकल इंजीनियरिंग में सिर्फ बीटेक और पीएचडी की सुविधा थी, लेकिन अब पीजी स्तर पर केमिकल प्रोसेस डिजाइन एंड इंटेलिजेंस में एमटेक कोर्स प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए सर्टिफिकेशन और एग्जीक्यूटिव लेवल के कोर्स लाने की भी तैयारी है।

वर्तमान परिस्थितियों में विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों के लिए मुंबई, दिल्ली या चेन्नई जैसे बड़े शहरों का रुख करते हैं। वहां रहने और पढ़ाई का खर्च बहुत अधिक होता था, जिसे हर छात्र वहन नहीं कर पाता था। आइआइटी इंदौर में यह नया एमटेक



कोर्स शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। यह कोर्स आधुनिक केमिकल इंडस्ट्री की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।

इसमें केमिकल प्रोसेस डिजाइन, डेटा एनालिटिक्स, आटोमेशन और इंटेलिजेंट सिस्टम्स जैसे विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। इससे छात्रों को इंडस्ट्री के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा। इसके अलावा इंडस्ट्री में काम कर रहे प्रोफेशनल्स के लिए सर्टिफिकेशन और एग्जीक्यूटिव मास्टर प्रोग्राम शुरू करने की योजना है ताकि वे नौकरी के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी जारी रख सकें।

निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने बताया कि इन नए पाठ्यक्रमों से केमिकल इंजीनियरिंग विभाग का शैक्षणिक दायरा मजबूत होगा और मध्य प्रदेश को उच्च तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।